तेरे रखवाले महाकाल

तेरे रखवाले महाकाल काल से क्या डरना,
क्या डरना डरना काल से क्या डरना,
शिव काल की बदले चाल काल से क्या क्या डरना,
महा काल है तेरी ढाल काल से क्या डरना,

जंतर मंतर जादू टोने उनसे परे रहते है,
जो महाकाल के चरणों में शीश धरे रहते है,
बांका न होगा बाल काल से क्या डरना,
तेरे रखवाले महाकाल....

छु भी ना पाए गी तुझको हवा काल की काली,
शम्बू का तिरशूल करे गा सदा तेरी रखवाली,
तू मन में ना चिंता पाल काल से क्या डरना,
तेरे रखवाले महाकाल....

एक बार अमृत चख लेवे महा काल की करुना वाला,
सच कहता हु खुल जाये गा मुक्ति धाम का ताला,
गा शिव शिव ले खडताल काल से क्या डरना,
तेरे रखवाले महाकाल....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3881/title/tere-rakhwale-mahakaal-kaal-se-kya-darna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |